दिनांक : 05.04.2026 समय : 02.10pm

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री – महिला आरक्षण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाले 2023 में पारित कानून को 2029 से लागू करवाने के लिए संसद का बजट सत्र तीन दिन बढ़ा दिया गया है। केरलम के तिरुवल्ला में एक चुनावी रैली में श्री मोदी ने कहा कि बजट सत्र 16, 17 और 18 अप्रैल को फिर आयोजित होगा। प्रधानमंत्री ने कुछ राज्यों में जनसंख्या घटने पर सीटें कम होने की अफवाह पर भी बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा और तेलंगाना में लोकसभा सीट की संख्या में कोई कमी न हो। उन्होंने कहा कि जिन राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में अच्छा प्रदर्शन किया है, उनके बारे में झूठी जानकारी फैलाई जा रही है कि जनसंख्या घटने पर वहां सीटें भी कम हो जाएंगी।

प्रधानमंत्री – ईस्टर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ईस्टर पर देशवासियों को शुभकामना दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने इस दिन को आशा और नवजीवन का उत्सव बताया और विश्वास व्यक्त किया कि यह त्योहार सभी के जीवन को प्रकाशित कर जीवन में शांति और आनंद लाएगा। श्री मोदी ने कहा कि प्रभु यीशु की शिक्षाएं करूणा और समाज में एकता की भावना को मजबूत करने के लिए प्रेरित करती हैं।

पीएम – जगजीवन राम श्रद्धांजलि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उप–प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि बाबू जगजीवन राम ने अपना जीवन समानता और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित कर दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्व उप–प्रधानमंत्री का राष्ट्र के प्रति अमूल्य योगदान हमेशा याद किया जाता रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया और कहा कि श्रद्धेय जगजीवन राम जी ने गरीब, कमजोर और शोषित वर्ग के उत्थान और कल्याण के लिये जीवन समर्पित कर दिया।

पुरी–ईरान तेल

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि भारत, ईरान सहित 40 से अधिक देशों से कच्चा तेल आयात कर रहा है और ईरान को तेल के भुगतान में कोई समस्या नहीं है। श्री पुरी ने सोशल मीडिया पोस्ट में इन दावों का खंडन किया कि भुगतान से जुड़ी दिक्कतों के कारण एक जहाज को चीन की ओर मोड़ दिया गया था।

अनूपपुर–हादसा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल अनूपपुर के कोतमा, में हुए हादसे पर दुःख जताया है। उन्होंने मारे गए लोगों के परिजनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से 4–4 लाख, संबल योजना के अंतर्गत 4–4 लाख एवं

रेडक्रॉस से 1–1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, घायलों को मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से 2–2 लाख और रेडक्रॉस से 50–50 हजार रूपये की राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित परिजनों के साथ है।

विश्व ध्यान सम्मेलन

उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा है कि मानसिक शांति और आत्मावलोकन का महत्व बढ़ गया है और ध्यान ही समग्र स्वास्थ्य की कुंजी है। आज नई दिल्ली में विश्व ध्यान सम्मेलन में उन्होंने कहा कि ध्यान तनाव घटाने, एकाग्रता बढ़ाने और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाने में सहायक है ही, यह जीवन के प्रति एक सहज और सम्यक दृष्टि भी पैदा करता है। श्री राधाकृष्णन ने कहा कि ध्यान से सूक्ष्म दृष्टि पैदा होती है और धैर्य तथा आंतरिक शांति हासिल होती है और नज़रिया सकारात्मक बनता है।

आईपीएल

आईपीएल टी–20 क्रिकेट में आज दो मैच खेले जाएंगे। पहला मैच हैदराबाद में दोपहर साढ़े तीन बजे से सनराइजर्स हैदराबाद और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच होगा। दूसरा मैच चेन्नई में शाम साढ़े सात बजे से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में :–

- आगरमालवा जिले के कानड़ व सुसनेर में कल संभागीय संयुक्त संचालक राजीव निगम ने प्रोसेसिंग प्लांटों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिये।
- नर्मदापुरम जिले में पराली जलाने के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए पिपरिया के एक गांव के 12 किसानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर 62 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया है।
- शिवपुरी जिले के कोलारस वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटा नाका के पास कल महुआ बीनने के लिए गये एक ग्रामीण पर भालू ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को ग्वालियर अस्पताल में रैफर किया गया है।
- जबलपुर में "जैविक हाट" अब किसानों और आम नागरिकों के लिए एक विश्वसनीय मंच बनकर उभर रहा है। जैविक हाट आज भी कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित किया जा रहा है।